# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 552 वर्ष 42 — राँची, 31 जनवरी, 2020

## वर्ष 2020 होगा सर्वांगीण विकास वर्ष – गोपाल सिंह




प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएमडी श्री गोपाल सिंह

नववर्ष 01 जनवरी, 2020 को सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस के विचार मंच में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को वर्ष 2019 के सीसीएल के उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया कि सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2018–19 में अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी रखते हुए सर्वाधिक 68.7 एमटी कोयला उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 8% ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सेन्ट्रल कोलफील्ड्सलिमिटेड (सीसीएल) वर्ष 2013 से शुरू हुये अपने स्वर्णिम दौर को जारी रखते हुए इस वर्ष के लक्ष्य की ओर पूरी प्रतिबद्धता से बढ़ रहा है। उर्जा उत्पादन में कोयला प्रेषण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और ग्राहकों की संतुष्टी और उनके आवश्यकतानुसार गुधवत्तापूण कोयले की आपूर्ति करना सीसीएल का उद्देश्य है। यह सीसीएल के लिए बड़ी उपलब्धि है कि किसी भी बिजली तापघर जहाँ सीसीएल द्वारा कोयला आपूर्ति की जाती है वहाँ कोयला स्टॉक इस वर्ष क्रिटिकल नहीं था। वर्ष 2020 सीसीएल के कर्मचारियों एवं परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए सर्वांगीण विकास वर्ष रहेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार एवं पेयजल के क्षेत्रों में कायाकल्प योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन सुविधाएँ प्रदान की जायेगी। सीसीएल 24X7X365 राष्ट्र सेवा में तत्पर है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने जानकारी दी कि खेलगाँव, राँची के तर्ज पर तीन नये अकादमी करगली, ढकरा एवं भुरकुंडा में खोले जाएंगे। विगत वर्ष कम्पनी को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार जो क्रमशः "एनसीएसटी लीडरशीप अवार्ड", "प्रथम राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार", "इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2019 बेस्ट पीएसयू इन स्पोर्ट्स प्रमोशन" से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर झारखण्ड के सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनल के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। सीसीएल जनसम्पर्क विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दीपक कुमार ने मंच का संचालन किया।

## खुशहाली का आधार माह का प्रथम शनिवार – सीधा संवाद




सीधा संवाद में सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 04 जनवरी को सीसीएल मुख्यालय स्थित "विचार मंच" में सीएमडी श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में "सीधा संवाद" का आयोजन किया गया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। श्री सिंह ने घोषणा की कि अब "सीधा संवाद" को "सीसीएल अखरा में सीधा संवाद" के नाम से जाना जायेगा। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी को जीरो ग्रीवान्स बनाने के साथ ही कंपनी और स्टेकहोल्डर्स के बीच मधुर समन्वय भी स्थापित करना है जिससे आवेकदकर्ता सीधे अपनी समस्याओं को सरलता से संबंधित अधिकारी के पास रख सके।

बैठक के दौरान सीसीएल के कमांड क्षेत्रों एवं मुख्यालय से आये सभी स्टेकहोल्डर्स की कुल 28 समस्याओं/शिकायतों को सीएमडी सहित उपस्थित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े सभी क्षेत्रिय महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के अधिकारीगण ने एक–एक करके सुना। श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को एक निश्चित समय सीमा तक सभी समस्याओं का निपटारा करने का निर्देश दिया। बैठक में सीसीएल कर्मी, परियोजना प्रभावित परिवार के सदस्य, दिवंगत कर्मियों के आश्रित सहित बड़ी संख्या में स्टेकहोल्डर्स उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर सीसीएल के सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने कहा कि "सीधा संवाद" कार्यक्रम के माध्यम से स्टेकहोल्डर्स के साथ सीधे जुड़े रहते हैं और उनकी समस्याओं के निदान के साथ–साथ बहुत कुछ सीखने का भी मौका मिलता है।

## सर्वांगीण विकास का मिसाल है 'कायाकल्प पब्लिक स्कूल'




कायाकल्प पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 15 जनवरी को बुकरू, राँची स्थित "सीसीएल कायाकल्प पब्लिक स्कूल" का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि स्कूल की प्रथम प्रिंसिपल श्रीमती प्रमिला सिंह थी। अवसर विशेष पर सीसीएल के महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री विमलेन्दू कुमार, महाप्रबंधक (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल, स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री सुरेश गायकवाड़, स्कूल की शिक्षिकाएँ, अभिभावक सहित सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर बच्चों और अभिभावकों सहित सभी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने कहा कि दो वर्ष पहले हमने जो सपना देखा था आज इन बच्चो से मिलकर तथा उनका प्रदर्शन देख. कर साकार होता दिख रहा है। श्री सिंह ने घोषणा की कि इस स्कूल की सफलता से प्रेरित होकर सीसीएल अपने सभी कमांड क्षेत्रों में 'कायाकल्प पब्लिक स्कूल' खोलेगा, जो वर्तमान में सिर्फ राँची और ढोरी क्षेत्र में चल रहा है। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए श्रीमती प्रमिला सिंह ने कहा कि इन बच्चों ने पिछले दो वर्षों में जो प्रगति की है वह प्रशंसनीय है।

स्कूल के नन्हें–नन्हें बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखायी जिसे सभी ने सराहा। खासकर जलेबी रेस आकर्षण का केन्द्र था। सभी नन्हें विद्यार्थी हिन्दी और अंग्रेजी में बात करते हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना और शपथ ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) ने कार्यभार संभाला



निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन अधिकारियों से संवाद करते हुए

विगत 24 जनवरी को श्री विनय रंजन ने सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने के बाद सीसीएल मुख्यालय, राँची में अधिकारियों और कर्मियों से मिलें। ज्ञातव्य हो कि अगस्त 2018 से श्री विनय रंजन ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) में भी निदेशक (कार्मिक) के पद पर कार्यरत हैं। निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने श्री विनय रंजन से उनके कक्ष में आकर मिले और उन्हें शुभकामनाएँ दी।

श्री विनय रंजन ने मुख्यालय के विभिन्न महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों से संवाद करते हुए सीसीएल के कार्यनिष्पादन की जानकारी ली और कहा कि हम सभी एक–दूसरे का सहयोग करते हुए कंपनी को और उच्च मुकाम तक ले जायेंगे।

## देश की उर्जा आवश्यकता पर सेमिनार




मुख्य प्रबंधक श्री आलोक सिंह सेमिनार को संबोधित करते हुए

विगत 22 जनवरी को जनसम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के एचआरडी विभाग में देश की उर्जा आवश्यकता में कोल इण्डिया का योगदान तथा भारत सरकार के सहयोग विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया।

माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी एवं उनकी टीम सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी कोल इण्डिया एवं सीसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों को मजबूत बनाने एवं उसका विस्तार करने के लिए निरंतर कटिबद्ध है साथ ही कंपनी को मंत्रालय का पूर्ण सहयोग मिल रहा है जो सराहनीय है।

मुख्य वक्ता श्री आलोक सिंह ने देश में उर्जा के भविष्य एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कोल इण्डिया देश एवं विश्व का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है और भविष्य में भी वह देश की उर्जा आवश्यकता को पूरा करता रहेगा। श्री सिंह ने देश की उर्जा आवश्यकता में कोयले की अहम भूमिका एवं कोयला मंत्रालय एवं भारत सरकार के अन्य मंत्रालय के सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि देश में हो रहे कोयला आयात को कम करते हुये आने वाले समय में शून्य करना है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी के साथ सोशल मीडया' व कंपनी के ब्रान्ड बिल्डींग में इसके योगदान पर परिचर्चा की गयी। इस परिचर्चा में उपस्थित सभी ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने–अपने सुझाव भी दिये।

## सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

मुख्यालय, राँची में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने उपस्थित कंपनी के वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया तथा सभी का पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, धार्मिक पुस्तकें, सेवाकाल प्रमाण–पत्र, ग्रेच्यूटी चेक तथा मेडिकल कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। पूरे सीसीएल से जनवरी माह में 232 सेवानिवृत कर्मियों को भी सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)